उत्तर प्रदेश शासन,
ग्रामीण अभियंत्रण अनुभाग-2,
संख्या- 16/2017/42/92-2-2017-91जांच/2014
लखनऊ :: दिनांक:: 10 जनवरी, 2017

कार्यालय-ज्ञाप

जनपद-गोण्डा में प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के अन्तर्गत कराये गये कार्यो की एन0 क्यू0एम0 एंव एस0टी0ए0 की संयुक्त टीम द्वारा की गयी निरीक्षण आख्या में पायी गयी अनियमिततओं एंव समय से कार्य न कराये जाने हेतु प्रथम दृष्टया उत्तरदायी पाये जाने पर शासन के कार्यालय ज्ञाप संख्या-01/5511/92-2014-91जांच/2014, दिनांक 02-01-2015 द्वारा श्री बाबू लाल रावत, तत्कालीन सहायक अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, पी0आई0यू0-गोण्डा-2 के विरूद्व उ0प्र0 सरकारी सेवक (अनुशासन एवं अपील) नियमावली 1999 के नियम-7 के अंतर्गत अनुशासनिक कार्यवाही संस्थित करते हुये प्रकरण की जॉच हेतु मुख्य अभियंता (प0क्षे0), ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, उ0प्र0-लखनऊ को जॉच अधिकारी नामित किया गया। कालान्तर में सम्यक विचारोपरान्त शासन के कार्यालय ज्ञाप सं0-1082/92-2-2016-91जांच / 2014 दिनांक 06-06-2016 द्वारा जॉच अधिकारी परिवर्तित करते हुये मुख्य अभियंता (प0क्षे0) ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, उ0प्र0, लखनऊ के स्थान पर मुख्य प्राविधिक परीक्षक, टी0ए0सी0 को जॉच अधिकारी नामित किया गया। इसी मध्य अपचारी अधिकारी, श्री बाबूलाल रावत अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण करके दिनांक 31-07-2016 को सेवानिवृत्त हो गये है। अतएव अपचारी अधिकारी, श्री बाबूलाल रावत के विरूद्व उक्त नियमावली के नियम-7 के अंतर्गत संस्थित अनुशासनिक कार्यवाही को सी0एस0आर0 के नियम-351ए में परिवर्तित किये जाने की एतद्द्वारा श्री राज्यपाल संहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है।

श्री राज्यपाल के आदेश से,

सुरेश चन्द्रा
प्रमुख सचिव।

संख्या- 16/2017/42(1)/92-2-2017 तददिनांक।

प्रतिलिति निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- निदेशक एवं मुख्य अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, उ0प्र0 लखनऊ।
2- श्री बाबूलाल रावत, तत्कालीन सहायक अभियंता (सम्प्रति सेवानिवृत्त) द्वारा निदेशक एवं मुख्य अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, उ0प्र0 लखनऊ ।
3- ग्रामीण अभियंत्रण अनुभाग-1
4- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(बाबूराम)
संयुक्त सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in